हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

11 सामुदायिक पुलिसिंग को मिली मजबूती

12 सेंचुरी गार्डन में खुली वायर से टहलने वालों की जान खतरे में




## खबर संक्षेप

### अटंग में सत्संग आज से

**सिर्री।** ग्राम अटंग में कबीर सत्संग समिति के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी तक साईं मंदिर के समीप समरसता भवन में सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक प्रवचन होगा। प्रवचनकर्ता समेंद्र साहेब नवापारा, अनिल साहेब संकरी, मुक्तिशरण साहेब, गुरुभूषण साहेब होंगे।

### अरौद में मड़ई कल

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम अरौद ली. में पारंपरिक मड़ई मेला महोत्सव 13 जनवरी मंगलवार को रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए माउलीभाटा ओडिशा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति एवं ग्राम कोटवार दिनेश कुमार नगारची ने दी।

### सिवनी मंडल में 13 को विराट हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं हिन्दू समाज में एकता के लिए सिवनी खुर्द मंडल के ग्राम झुरानवागांव में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। हिन्दू सम्मेलन के पूर्व पांच दिवसीय राम कथा होगी। व्यासपीठ पर राष्ट्रीय संत श्रीश्री मोहित पाठक विराजमान रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वंदेमातरम समिति, हिंदू सम्मेलन के स्वयंसेवक शत्रुहन राजपूत, मनोज ध्रुव, टीकाराम साहू, रूपचंद साहू प्रेमनारायण साहू, आशाराम साहू जुटे हैं।

### सिलघट मड़ई 15 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम सिलघट में 15 जनवरी को मडई का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए रेगाकठेरा अंबागढ़ चौकी का नाच का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख नरेंद्र साहू, नरोत्तम सिन्हा, भुनेश्वर सिंहा आदि ने दी है।

### कोलियारी में मड़ई 19 को

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी (भखारा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 जनवरी को मड़ई मेला आयोजित किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए घीना अर्जुंदा का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश साहू ने दी।

### रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में मड़ई 17 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम चरमुड़िया रेलवे स्टेशन पारा में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी बूटाकसा मानपुर मोहल्ला की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सुनील ध्रुव, नारायण साहू, बी भवानी पटनायक, रामलाल ध्रुव, तुलसी यादव, शेषनारायण पटेल, विश्राम रात्रे जुटे हुए हैं। यह जानकारी नीतू तोड़ेकर सरपंच ने दी है।

गंगरेल पर्यटन : वाटर स्पोर्ट्स के लिए पहुंच रहे युवाओं में निराशा

# मिनी गोवा के रोमांचकारी जलक्रीड़ा पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल के निजी गोवा में रोमांच पैदा करने वाले वाटर स्पोर्ट्स बंद होने से पर्यटकों में निराशा है। यहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से युवा वर्ग गंगरेल में वाटर स्पोर्ट्स के रोमांचकारी एक्टीविटीज के लिए पहुंचते हैं लेकिन पैरासिलिंग, बनाना बोट राइड, फ्लाईंग बोटिंग जैसे वाटर स्पोर्ट्स नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण उन्हें स्पीड बोट, जेस्की की बोटिंग कर मायूस लौटना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल बांध स्थित वाटर स्पोर्ट्स स्थल मिनी गोवा के नाम से प्रसिद्ध है। यहां वाटर स्पोर्ट्स के लिए प्रदेश के विभिन्न शहरों से युवा वर्ग पहुंचते हैं लेकिन रोमांचकारी एक्टीविटीज बंद होने से मिनी गोवा उपेक्षित होने लगा है।






### बनाना बोट राइड का नहीं मिला मजा

रायपुर से वाटर स्पोर्ट्स के लिए मिनी गोवा पहुंचे शर्मा परिवार के अजीत, मोहन, शिवानी ने बताया कि मिनी गोवा में वे पूरे परिवार के साथ बनाना बोट राइड के लिए पहुंचे हैं लेकिन उन्हें निराश होना पड़ा हैं। उन्होंने बताया कि बनाना बोट राइड मुंबई, गोवा का लोकप्रिय वाटर स्पोर्ट्स है। यह एक मजेदार और रोमांचक वाटर स्पोर्ट्स एक्टीविटीज है, जिसमें लोग एक बड़े हवा भरे केले के आकार की नाव (बनाना बोट) पर बैठकर स्पीड बोट के साथ पानी में सफर करते हैं, जिसमें तेज मोड़, उछाल और अंत में पानी में गिरने का मजा होता है। यह परिवार और दोस्तों के साथ मनोरंजन के लिए लोकप्रिय है। बनाना बोट राइड नहीं कर पाने से उन्हें निराशा हुई है।

### फ्लाईंग बोट का सिर्फ ट्रायल हुआ

मिनी गोवा में फ्लाईंग बोट का सिर्फ ट्रायल हो पाया है। फ्लाईंग बोट रोमांचक जल क्रीड़ा में से एक है जो पानी के जेट के दबाव में हवा में उड़ने ओर करतब दिखाने की सुविधा देता है। जिसमें एक बोट पैरों से जुड़ा होता है और एक लंबी नली के जरिये जेट स्की से पानी खींचकर ऊपर फेंकता है, जिससे पानी के ऊपर 15 मीटर की ऊंचाई तक उड़ान भर सकते हैं। फ्लाईंग बोट का मिनी गोवा में ट्रायल किया गया लेकिन यह एक्टीविटीज ट्रायल के बाद से ही बंद पड़ी है।

### स्कूबा डायविंग बना सपना

वाटर स्पोर्ट्स शुरू होने के दौरान यहां जल क्रीड़ा के बड़े-बड़े एक्टीविटीज होने का दावा किया गया था जिसमें स्कूबा डायविंग भी शामिल था। अब यह गंगरेल मिनी गोवा के लिए सपना साबित हो रहा है। स्कूबा डायविंग एक लोकप्रिय मनोरंजक गतिविधि है जो लोगों को पानी के नीचे की दुनिया अन्वेषण करने का अवसर देता है। इसमें पानी के भीतर सांस लेने के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया जाता है जिसमें डायविंग मास्क, पंख और श्वास उपकरण शामिल होते हैं लेकिन गंगरेल में स्कूबा डायविंग की योजना फ्लाप हो गई है।

दल्लीराजहरा से वाटर स्पोर्ट्स के लिए पहुंचे सौरभ देवांगन, अनिल देशमुख बताते हैं कि कुछ साल पहले वे मिनी गोवा में पैरासिलिंग, बनाना बोट राइड, फ्लाइंग बोटिंग का रोमांचकारी एक्टीविटीज कर चुके हैं लेकिन इस बार उन्हें मिनी गोवा के वाटर स्पोर्ट्स में जेस्की और स्पीड बोट से मन बहलाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि पैरासेलिंग एक साहसिक जलक्रीड़ा है, जिसमें व्यक्ति एक बड़े पैराशूट से बंधा होता है जिसे एक बोट से खींचा जाता है और वह हवा में उड़ता है, जहां से वह बांध और जमीन का मनोरम दृश्य देखता है।

मिनी गोवा वाटर स्पोर्टस के प्रभारी असकंध सिंह कहते हैं कि पैरासिलिंग बोट का इंजन सीज हो गया है। दूसरा इंजन मंगवाया गया था, वह भी खराब निकला। इसे चेंज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बनाना राइड ट्यूब वाला है। इसका आर्डर किया गया है। फ्लाईंग बोट का सामान खराब है। उसे भी आर्डर दिया गया है। अगले महीने सामान आ जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूबा ड्राइविंग मिनी गोवा में नहीं है। यहां का पानी डार्क है। जिसमें सब कुछ काला नजर आता है।

# मनरेगा में बदलाव पर कांग्रेस ने किया सत्याग्रह

- गांधी मैदान में उपवास कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में प्रस्तावित बदलाव के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को गांधी मैदान में उपवास सत्याग्रह कर प्रतीकात्मक विरोध किया। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर गरीब-विरोधी और मजदूर-विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया।

धरने के दौरान तख्तियों के माध्यम से मनरेगा के नाम, स्वरूप और नियमों में छेड़छाड़ का विरोध किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण श्रमिक परिवारों के लिए रोजगार और सम्मान की संवैधानिक गारंटी है। उन्होंने बताया कि 2005 में लागू यह कानून ग्रामीण परिवारों को काम मांगने का अधिकार देता है और समय पर रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता भी सुनिश्चित करता है।



सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिससे पलायन रुका है और महिलाओं, आदिवासियों व वंचित वर्गों को विशेष लाभ मिला है। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव और लेखराम साहू ने आरोप लगाया कि नए प्रावधानों से काम की वैधानिक गारंटी कमजोर होगी और राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ेगा।

पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी और शरद लोहाना ने कहा कि योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने की कोशिश श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज की भावना पर आघात है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर और पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू किया गया है।

इस दौरान प्रमुख रूप से राजकुमारी दीवान, सूर्यप्रभा चेटीयार, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, गोपाल शर्मा, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, अंबिका सिन्हा, नरेन्द्र सोनवानी, राजा देवांगन, उदित साहू, सुमन मेश्राम, रामेश्वरी कोसरे, विक्रांत पवार, अय्यूब खान, पवन कुमार कश्यप, मिक्की गुप्ता, जयंती साहू, दीपक साहू, शैलेन्द्र दीवान, मिलन साहू और जानसिंग यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## बस स्टैण्ड के पास युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रविवार सुबह बस स्टैण्ड के पास एक युवक का लाश मिली। आसपास के लोगों ने युवक को अचेत अवस्था में देखकर कोतवाली थाना को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस स्टाफ एवं वरदान परामर्श एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ग्राम ईर्रा निवासी दुलेश्वर साहू 26 वर्ष पिता चोवाराम साहू के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



ईर्रा सरपंच सूर्यकांत साहू के अनुसार दुलेश्वर धमतरी के किराना स्टोर्स में काम करता था। वह रोजाना गांव से आता था। धमतरी में उसका ससुराल है। कुछ दिनों पहले उसकी पत्नी के साथ कुछ कहासुनी हुई थी। उसकी पत्नी मायके आ गई थी। युवक की जेब से सल्फास की गोली मिली है। आत्महत्या की आशंका है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगा।

# राष्ट्रीय स्तर पर श्रेया को मिला कांस्य पदक

- भोपाल में आयोजित 10 मीटर रायफल शूटिंग में किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भोपाल में शालेय खेलकूद प्रतियोगिता 69वीं का आयोजन किया गया था। यह स्कूल स्तर की सर्वोच्च राष्ट्रीय प्रतियोगिता थी, जिसमें देशभर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से चयनित उत्कृष्ट रायफल शूटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता के 10 मीटर ओपन साइट रायफल शूटिंग (अंडर-14 वर्ग) में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, धमतरी की कक्षा 7वीं की छात्रा श्रेया देवांगन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय है कि श्रेया ने गत वर्ष भी इसी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। कम उम्र में भी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना उनकी प्रतिभा और निरंतर मेहनत को दर्शाता है। शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक श्रवण देवांगन की सुपुत्री श्रेया ने इसी वर्ष सितंबर माह में चंडीगढ़ स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित केवीएस राष्ट्रीय 10 मीटर ओपन साइट रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया था। सीमित संसाधनों के बावजूद छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य से प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है। रायफल शूटिंग प्रशिक्षक एस.के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही श्रेया राष्ट्रीय स्तर की पहचान बन चुकी हैं। प्रशिक्षक का कहना है कि यदि ऐसे होनहार खिलाड़ियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो वे भविष्य में प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं। श्रेया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और निरंतर सहयोग को दिया है।



# सब्जी बाजार में दामों की दो तस्वीर

- लौकी-तोराई सस्ती, करेला-भिंडी ने बिगाड़ा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के चिल्हर सब्जी बाजारों में इन दिनों सब्जियों के दामों की तस्वीर साफ तौर पर दो हिस्सों में बटी नजर आ रही है। एक ओर लौकी, तोराई, टमाटर, कद्दू और केला जैसी सब्जियां आम लोगों की पहुंच में है, वहीं दूसरी ओर करेला, भिंडी, बरबटी और ग्वारफल्ली जैसी हरी सब्जियां मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ रही हैं।

बाजार में लौकी, तोराई, डोड़का, टमाटर और कद्दू 20 से 40 रुपये किलो के बीच बिक रहे हैं, जबकि करेला और भिंडी के दाम 80 रुपये किलो से ऊपर बना हुआ है। इस असमान मूल्य का असर यह हो रहा है कि मध्यमवर्गीय परिवार स्वाद और पोषण से दूर मजबूरी में सस्ती सब्जियों को ही थाली में शामिल कर रहे हैं।



सब्जी व्यापारी रोशन पटेल का कहना है कि अच्छी गुणवत्ता की सब्जियों का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में हो रहा है, लेकिन उनका बड़ा हिस्सा शहर के बाहर अन्य जिलों और बड़े महानगरों की ओर भेज दिया जाता है। इसके अलावा आसपास के राज्यों में भी सब्जियों की सप्लाई होने से स्थानीय बाजार में उनकी उपलब्धता घट जाती है, जिससे दाम तेजी से बढ़ जाते हैं।

रविवार को इतवारी बाजार में पसरा लगाकर सब्जी बेच रहे भुवन पटेल ने बताया कि भटा 20, गाजर 30, कुंदरु 50, करेला 80, बरबटी 60, भिंडी 80, ग्वारफल्ली 60, कद्दू 30, टमाटर व गोभी 40, मुनगा 150, हरी मिर्च 80, केला 20, पत्ता गोभी 20, डोड़का 50, तोराई 50, कोचाई 60, हरा धनिया 30, मूली 20, ढेस 100, लौकी 20, परवल 60, कटहल 60, सेमी 30, गोभी 20, हरा मटर 40 और मेथी भाजी 40 रुपये किलो के भाव से बिकी।

उधर किराना बाजार में जरूरी खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर लेकिन आम आदमी की जेब पर भारी बने हुए हैं। आलू 20, प्याज 30, शक्कर 43, गुड़ 55, हल्दी 200, धनिया 150, जीरा 260, काली मिर्च 800, लहसुन 150, रिफाइंड तेल 120, सरसों 100 रुपये किलो बिक रहे हैं। दालों में अरहर और उड़द 90, मसूर 80, काबुली चना 100, देसी चना 65, सफेद मटर 60, हरा मटर 100, चना दाल 85, पोहा 50 और खड़ा मसूर 75 रुपये किलो रहा। अंडा की कीमत इस सप्ताह 90 रुपये दर्जन दर्ज की गई। लगातार महंगी हो रही सब्जियों के बीच शहरवासी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि आने वाले दिनों में स्थानीय स्तर पर सप्लाई बढ़ेगी और रसोई का बजट कुछ हद तक राहत देने वाला हो जाएगा।

दूसरे दिन 671 में से 495 अभ्यर्थियों ने दौड़ पास किया

# देश सेवा का जज्बा लिए सेना भर्ती में युवाओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी में आयोजित प्रदेश स्तरीय अग्निवीर सेना भर्ती रैली के दूसरे दिन युवाओं में देश सेवा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के पांच जिला बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव, सुकमा एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से आए कुल 671 अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 495 युवाओं ने दौड़ सफलतापूर्वक पास किया।

दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को आगे शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन एवं मेडिकल जांच की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जिला प्रशासन धमतरी एवं सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त समन्वय से पूरी भर्ती प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। भर्ती स्थल पर सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे अभ्यर्थियों को असुविधा न हो।





प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना की चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होती है। युवाओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार के दलालों एवं बिचौलियों के बहकावे में न आएं और अपनी मेहनत व क्षमता पर भरोसा रखें। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड में अंकित तिथि एवं समय पर इंडोर स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को रैली एडमिट कार्ड के साथ 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की अंकसूची, स्थानीय निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, एनसीसी/खेल/आईटीआई/ड्राइविंग लाइसेंस (यदि लागू हो), रिलेशनशिप सर्टिफिकेट तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना होगा।

अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग द्वारा ऑटो एवं ई-रिक्शा के लिए प्रति सवारी दर निर्धारित की गई है, ताकि राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले युवाओं को सुगम आवागमन मिल सके।

जिला प्रशासन द्वारा भर्ती रैली के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, रात्रि में रुकने, परिवहन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# ट्रक और बाइक में भिड़ंत से युवक की मौत, दो गंभीर


हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

रविवार सुबह अपने दो रिश्तेदारों को छोड़ने परखंदा जा रहे बाइक सवार को चरमुड़िया मोड़ के पास मेघा रोड में ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक सवार महिला और युवती गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। जिसे धमतरी अस्पताल रिफर किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 11 जनवरी को सुबह भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बी निवासी जितेंद्र चक्रधारी पिता संतोष चक्रधारी अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05एजी 6683 से अपने रिश्तेदार शकुन चक्रधारी 46 साल परखंदा एवं गौरी चक्रधारी बारना 25 साल छोड़ने जा रहा था, तभी सुबह करीब साढ़े 11 बजे चरमुड़िया मोड़ के पास मेघा रोड में विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04एम आई 8121से भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक चालक जितेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं शकुन और गौरी चक्रधारी को गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को धमतरी रिफर किया गया। पुलिस ने शव पीएम कराने के पश्चात परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मालूम हो कि महीने भर में ग्राम सेमरा बी के तीन व्यक्तियों की सड़क हादसे में असमय मौत हो गई है। दो दिन के भीतर दो युवकों की मौत होने से ग्रामीण स्तब्ध है। गांव में शोक की लहर है।

### चरमुड़िया मोड़ के पास मेघा रोड में हुआ जबरदस्त हादसा





**खबर संक्षेप**

### पोटियाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 16 से

**आमदी(धमतरी)।** ग्राम पोटियाडीह के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 16 से 24 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा रतलाम मप्र होंगे। परायणकर्ता पं. देवेंद्र त्रिपाठी मराठापारा धमतरी होंगे। 16 जनवरी को कलश स्थापना, वेदी पूजा गौकर्ण कथा, 17 जनवरी को कथा प्रारंभ, सुकदेव प्राकट्य, वराह कथा, 18 को कपिल एवं ध्रुव चरित्र, 19 को अजामिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, 20 को समुद्र मंथन, वामन अवतार राम व कृष्ण जन्म उत्सव, 21 को बाललीला, रासलीला गोवर्धन पूजा, 22 को कंस वध, रूक्मणि विवाह, 23 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, 24 जनवरी को गीता पाठ, हवन, पूर्णाहुति के साथ सुबह 11 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

**निधन**

### सुशीलाबाई साहू

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा निवासी सुशीलाबाई साहू उम्र 101 वर्ष का निधन 5 जनवरी को हो गया। वे



रोहित कुमार साहू और चूड़ामणी साहू की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन सहित ग्रामीणजन काफी संख्या में शामिल हुए।

डिप्टी सीएम साव, विधायक चंद्राकर करेंगे 17 करोड़ से अधिक के विकासकार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

# आज से नगर पालिका कुरूद का होगा विधिवत शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नगर के हृदय स्थल केनाल रोड पर लगभग 1 करोड़ की लागत से बने स्वामी विवेकानंद मंगल भवन सहित स्वामी जी के प्रतिमा का लोकार्पण होगा। इसके साथ ही डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री अरुण साव, विधायक अजय चंद्राकर की उपस्थिति में नगर पालिका कुरूद का विधिवत शुभारंभ होगा। इसी परिसर में नगर के विभिन्न जगहों पर 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और 7 करोड़ से अधिक कार्यों का लोकार्पण कर विकास की सौग़ात देंगे।



अरुण साव



अजय चंद्राकर



रूपकुमारी चौधरी



ज्योति चंद्राकर

इस समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरूण साव होंगे। अध्यक्षता विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, नगरपालिका कुरूद अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर होंगे। गणमान्य नागरिकों में एल. पी. गोस्वामी, कृष्णकांत साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सहित नगरपालिका के समस्त पार्षद बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह महोत्सव सोमवार को सुबह 11 बजे केनाल रोड कुरूद के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है।

**इन कार्यों का होगा लोकार्पण**

वार्ड क्र. 15 केनाल रोड के पास स्वामी विवेकानंद मंगल भवन एवं बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य लागत राशि 100.32 लाख। वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में बैटमिंटन कोर्ट लागत राशि 101.90 लाख। वार्ड क्र. 8 मिनीमाता व्यवसायिक शॉपिंग काम्प्लेक्स (ब्लाक 01, 02, 03) पुराना बस स्टैण्ड लागत राशि 205.71 लाख। वार्ड क्र. 15 लोकल नाले का रेनोवेशन एवं पिचिंग महानदी मेन केनाल से एनएच 30 तक लागत राशि 128.46 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाइट एनएच रोड काली माता मंदिर से कॉलेज रोड, केनाल रोड से चर्रा रोड (दोनों साईड) वार्ड क्र. 15,13,12 एवं 8 लागत राशि 124.77 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाइट स्थापना कार्य गांधी चौक से इनवेचर स्कूल वार्ड क्र. 06 एवं 04 लागत राशि 14.74 लाख। ऑक्टेंगल स्ट्रीट पोल एवं एल.ई.डी. लाइट स्थापना एवं पूर्व स्थापित 50 नग पोल का रेनोवेशन कार्य, सांधा चौक से कारगिल चौक वार्ड क्र. 09 एवं 06 लागत राशि 14.74 लाख। खेल मैदान कुरूद में ऑक्टेंगल पोल हैलोजन लाइट स्थापना कार्य वार्ड क्र. 12 में लागत राशि 12.77 लाख शामिल है।

**इन कार्यों का शिलान्यास**

वार्ड क्र. 01 मंडी रोड के पास नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन निर्माण कार्य लागत राशि 168.30 लाख। वार्ड क्र. 15 अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम में (मल्टीपरपस) इंडोर स्पोर्टस हॉल निर्माण कार्य लागत राशि 416.80 लाख। बाईपास रोड जे.डी. कॉलोनी के सामने इंडोर स्टेडियम (रंगमंच एवं बाउण्ड्रीवाल) निर्माण कार्य लागत राशि 274.07 लाख। वार्ड क्र. 05/08 जलसन तालाब उन्नयन कार्य लागत राशि 62.29 लाख। वार्ड क्र. 05 मरही तालाब उन्नयन कार्य लागत राशि 53.96 लाख। वार्ड क्र. 15 में केनाल रोड से लेकर भारद्वाज ऑटो पार्टस तक मुख्य निकासी नाली निर्माण कार्य लागत राशि 33.00 लाख। साहू समाज छात्रावास निर्माण कार्य लागत राशि 25.00 लाख। वार्ड क्र. 14 डिपो गार्डन में स्मार्ट लाईब्रेरी निर्माण कार्य लागत राशि 19.83 लाख आदि शामिल है।

# पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करें : प्रमोद

- मड़ेली में आयोजित दिव्य रामकथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

जब पृथ्वी पर पाप का भार बढ़ जाता है, तब पापों का नाश करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। इसलिए पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करना चाहिए। सत्य अहिंसा एवं प्रेम के मार्ग पर चल कर मानव जीवन को सफल एवं सार्थक बनाना चाहिए। यह बातें प्रमोद शास्त्री ने कही।

ग्राम मड़ेली में दिव्य रामकथा का आयोजन किया गया था। आयोजन के अंतिम दिन प्रमोद शास्त्री ने कहा कि मनुष्य दया, क्षमा, सत्य, शील, विवेक, विचार,





गुरुभक्ति धारण कर अपना जीवन सुधार सकता है और कल्याण का भागी बन सकता है। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी ने भगवान से भक्ति का वरदान मांग था, क्योंकि स्थिर भक्ति से जीवन में सुख, समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि दूसरे के साथ कभी कपट नहीं करना चाहिए। रावण ने कपट कर सीताहरण किया तो रावण के परिवार का अंत हो गया। आयोजक श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष कुरुद थी। मंच संचालन चम्पालाल साहू ने किया।

कार्यक्रम में लक्ष्मीनारायण साहू, पूर्व सरपंच टकेश्वर कौशिक, संतराम साहू, इंद्रकुमार साहू, ठाकुरराम, भागवत यादव, लकेश्वर बैस, दयालु साहू, ताराचंद, विनोद साहू, नारायण साहू, नूरसिंग साहू, आत्माराम, जनक साहू, कीर्तन साहू, खोरबाहरा साहू, केजू साहू सहित ग्रामीणों ने सहयोग दिया।

# झेरिया यादव समाज ने किया जवान मोनिश का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

ग्राम पोटियाडीह निवासी मोनिश पिता दिनेश यादव के भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की सफलता पूर्वक ट्रेनिंग कर घर वापस लौटने पर झेरिया यादव समाज ब्लाक धमतरी द्वारा उनक भव्य स्वागत किया गया। यादव समाज धमतरी ब्लाक के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, लगन और तपस्या का फल है। जिसके कारण उन्हें अपनी मंजिल हासिल हुई है और ये हमारे गांव, समाज व जिले के लिए गर्व की बात है। मौके पर भगत यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, शांतिलाल यादव प्रदेश



संगठन मंत्री, केदार यादव सचिव, लक्ष्मीनारायण यादव मंडल सोरम अध्यक्ष, यदुराम यादव, मानक यादव पोटियाडीह ग्राम अध्यक्ष, संजय यादव, मन्नू यादव, छन्नू यादव, गोलू यादव, अजय यादव, जगदीश यादव, अविनाश यादव, ओंकार यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सुदामा की कृष्ण भक्ति निःस्वार्थ प्रेम का प्रमाण : कृष्णा

- अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम अरौद में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन रूक्मणि विवाह एवं सुदामा चरित्र कथा की सुनाई गई। रूक्मणि विवाह में पारंपरिक, लोकगीत संस्कृति की संगीत में प्रस्तुति से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गया।

प्रवचनकर्ता पं. कृष्णा मिश्रा ने सुदामा चरित्र में कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण में सुदामा और भगवान कृष्ण की भक्ति महत्वपूर्ण है। भक्त हो तो सुदामा की तरह। गरीबी, लाचारी में भी सुदामा ने भगवान कृष्ण की भक्ति को नहीं छोड़ा। भगवान कृष्ण के प्रति अटूट श्रद्धा, भक्ति भाव समर्पण, निःस्वार्थ प्रेम के कारण भगवान का साक्षात दर्शन पाकर उच्च स्थान प्राप्त किया। सुदामा की कृष्ण भक्ति समाज के लिए प्रेरणादायक है। 12 जनवरी सोमवार को अंतिम दिवस श्रीमद् भागवत गीता, तुलसी विवाह, हवन, यज्ञ पश्चात विसर्जन किया जाएगा।





# यशवंतराव मेघावाले कालेज में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ प्रभा वेरुलकर के दिशानिर्देश एवं सुश्री निरूपा साहू के नेतृत्व में सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सावित्री बाई फुले की जीवन गाथा, उनके संघर्ष और 19वीं शताब्दी में स्त्रियों की दशाओं को लेकर उनके उद्धार के लिए किए गए प्रयासों के बारे में जानकार दी।

सहायक प्राध्यापक डॉ यशोदा साहू ने वर्तमान भारत में स्त्रियों की शैक्षणिक और सामाजिक स्थिति



को सावित्री बाई फुले का योगदान बताया एवं समाज में मौजूदा कुरीतियों बाल विवाह, विधवा पुनर्विवाह, मुंडन प्रथा, स्त्रियों की शिक्षा के लिए विपरीत परिस्थितियों में किए गए प्रयासों से परिचित कराया। डॉ रमा चंद्राकर ने शिक्षा और वर्तमान भारत में स्त्रियों की दशाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी निरूपा साहू सहायक प्रध्यापक भौतिकी के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक डॉ घनश्याम देवांगन, कौसलेश ध्रुव, डॉ रमा चंद्राकर, दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, डॉ सुशीला साहू, सुषमा, वर्षा यादव, नीरज कुमार, डॉ विनोद कुमार, दानेश्वर कुमार समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। मंच का संचालन अनीता साहू एवं आभार प्रदर्शन निरूपा साहू द्वारा किया गया।

# सनातन एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- नगरी में हुआ विश्व हिंदू सम्मेलन

सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समाज में एकता के उद्देश्य से विश्व हिन्दू सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को राजाबाड़ा नगरी में किया गया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि कोटेश्वरधाम के सत्यनारायण, मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख, विशिष्ट अतिथि निशा साहू व्याख्याता, मुरली श्रृंगी ऋषि आश्रम, सरभंग ऋषि आश्रम, गौतम ऋषि आश्रम आदि के संतजन थे।

व्याख्याता निशा साहू ने पंच परिवर्तन पर कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का बोध व नागरिक कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए प्लास्टिक का त्याग, जल संरक्षण, पौधरोपण, स्वदेशी वस्तुओं को



अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। हरिओम शर्मा ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष की प्रेरक यात्रा, उसके उद्देश्यों एवं भविष्य की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज को जागरूक और संगठित रहने का आह्वान किया। सत्यनारायण बाबा ने हिन्दुत्व विषय पर संगठित हिन्दू समाज व महानदी प्रकाट्य पर अपनी बात रखी।

कार्यक्रम में आरएसएस के खंड संचालक गोकुल राम देवांगन, जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर, मुरली बाबा श्रृंगी ऋषि आश्रम सिहावा, नगरी खंड कार्यवाहक मोतीलाल, सहकार्यवाह रेखराज साहू, खंड संपर्क महेंद्र नेताम, सामाजिक समरसता प्रमुख पीआर साहू, दिनेश्वरी नेताम सहित नगरी व फरसियां के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आयोजन में आरएल देव, मोहन नाहटा, नंद यादव, तुलसी साहू, परमेश्वर सोनबेर, प्रकाश बैस, उमाशंकर नागवंशी, सुरेंद्र सिंहसार, दीनदयाल यादव, निखिल साहू, संत कोठारी, शकुन कश्यप, सुलोचना सिन्हा, उमाशंकर ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# अंतरजातीय विवाह प्रकरण का किया गया निपटारा



- परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा की बैठक साहू भवन में हुई जिसमें अठारह गांवों के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे। अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज की रीति-नीति से अवगत कराते हुए सक्रियता से भाग लेने का अनुरोध किया। इस दौरान अंतरजातीय विवाह प्रकरण का निपटारा किया गया। विवेचना में पन्नालाल साहू, निर्मल साहू, मेवालाल साहू, चिरौंजी लाल ने सहभागिता प्रदान की।

बैठक में तरुण कुमार साहू, पन्नालाल साहू, कामता प्रसाद साहू, निर्मल साहू, पूर्णिमा बनपेला दवारिका साहू, कोमल, चुनुलाल, दानीराम, खिलेंद्र साहू, परसराम, मिलन, छेदनलाल, सावित्री समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल साहू ने किया। यह जानकारी घनश्याम सिंह साहू ने दी।

# छग रजत जयंती पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

रजत जयंती के अवसर पर सिविल अस्पताल नगरी परिसर में पुलिस अनुभाग नगरी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस जवानों के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर एसडीओपी विपिन रंगारी, बीएमओ डॉ. अरूण नेताम, डॉ. देवकी नंदन सोम, डॉ सोम, थाना प्रभारी चक्रधर बाघ सहित धमतरी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी विपिन रंगारी एवं बीएमओ डॉ. अरूण नेताम ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त कम नहीं होता है। शरीर में नए सेल का विकास होता है जिससे जरूरत मंद मरीजों के जीवन की रक्षा की जा सकती है। विभाग द्वारा रक्तदान व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।





नगरी मंडल में श्रद्धा एवं गौरव के साथ मना सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भगवान शिव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कर्णेश्वर मंदिर परिसर में भारतीय जनता पार्टी नगरी मंडल द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर पर हुए ऐतिहासिक संघर्ष के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस पर्व को भव्य रूप से मनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि अनेक आक्रमणों के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी देशवासियों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह मंदिर भारत की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है और इस पर्व को मनाकर सभी कार्यकर्ता स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, ट्रस्ट के अध्यक्ष विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, कमल डागा, मोहन पुजारी, अकबर कश्यप, सरपंच नागेंद्र बोरछा, नर्सिंग मरकाम, नागेंद्र शुक्ला, महामंत्री सुलोचना साहू, प्रतिमा देवांगन, प्रीति यदु, पार्षद अश्विनी निषाद, शंकरदेव, देवचरण ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, पूर्व सरपंच सती मरकाम, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, राजेश नाथ गोसाई, बालू सेन, बबलू गुप्ता, हुमित लिमजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छग झेरिया यादव समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

छग झेरिया यादव समाज जिला धमतरी की बैठक ग्राम तरसींवा में हुई। बैठक में समाज के संगठनात्मक कार्यों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अधिवेशन का आयोजन धमतरी ब्लॉक के सोरम मंडल के ग्राम सोरम में किया जाएगा। अधिवेशन को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा आयोजन की रूपरेखा तय की गई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने एकजुटता, सामाजिक विकास और युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया।



बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव, प्रदेश संगठन मंत्री शांतिलाल यादव, जिलाध्यक्ष रमेश यादव, जिला उपाध्यक्ष देवकुमार यादव, जिला न्याय प्रकोष्ठ रामकृष्णा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, संतोष यादव नगरी, केदार यादव, भगवती यादव, सरोज यादव, लक्ष्मीनारायण यादव, गोवर्धन यादव भखारा, मीडिया प्रभारी लेखराम यादव, मोहन यादव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### योजना में चूक से महिला को नहीं मिल रही महतारी वंदन की राशि

**पखांजूर।** छत्तीसगढ़ की प्रमुख महिला सशक्तिकरण योजना महतारी वंदन का एक पात्र लाभार्थी सिस्टम की चूक के चलते अब साल भर से सरकारी दफ्तर की चक्कर काट रही है, लेकिन उसे सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे हैं, परंतु अब राशि नहीं मिल रही है। कापसी की निवासी अंजलि मिस्त्री ने बताया कि योजना की शुरुआत में उन्हें पांच महीनों तक दो-दो हजार रुपये की राशि मिली, जबकि योजना के नियमानुसार उन्हें हर माह 1000 रुपये मिलने थे। अंजलि ने अपने खाते की जांच की, तो पता चला कि उनके खाते में गलती से अतिरिक्त राशि जमा कर दी गई है। इसकी जानकारी देने पर उन्हें बताया गया कि उनका खाता होल्ड पर रखा गया है और राशि की कटौती दसवीं किस्त के बाद सुधार दी जाएगी। अब एक साल बीत चुका है और न तो उनका खाता सामान्य हुआ और न ही रुकी हुई राशि उन्हें मिली। इस मामले में अंजलि ने परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग पखांजूर में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन विभाग की सुस्ती और तकनीकी त्रुटियों के कारण उनका मामला अब तक लटक रहा है।

### केंद्र के समान डीए का नए साल में मिला तोहफा : भरत

**कांकेर।** रायपुर छत्तीसगढ़ में राज्य कर्मचारी संघ का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें केंद्र स्तर के कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। इस दौरान प्रदेश के संवेदनशील और जनता के हितैषी मृदु भाषी कुशल नेतृत्व कर्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता की मांग को देने की घोषणा कर दी। लंबित मांग को पूरा करने घोषणा कर नववर्ष में कर्मचारियों को दिया तोहफा। शेष अन्य मांगों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का सभी कर्मचारियों को आश्वासन दिया। साय सरकार को धन्यवाद कहते हुए इस निर्णय का स्वागत किया एवं प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों को बधाई देते हुए शुभकामना ज्ञापित किया ।

## निधन

### नन्दकुमार सेन

**कुरुद।** ग्राम सिलौटी निवासी नन्दकुमार सेन 58 वर्ष का रविवार



को आकस्मिक निधन हो गया। वे ग्राम जोरातराई में करीब 36 वर्ष से पौनी पसारी का कार्य करते आ रहे थे। उनके निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल है। अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में नाते-रिश्तेदार एवं ग्रामीणजन ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी।

### संतोष महेंद्र

**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी संतोष महेंद्र का आकस्मिक निधन



10 जनवरी शनिवार को हो गया। वे केशवराम के पुत्र, रूपा महेन्द्र के पति व यश, कुश महेन्द्र के पिता थे। अंतिम संस्कार में सामाजिक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

ग्राम अरौद में महिला कमांडो का गठन, धमतरी पुलिस द्वारा सुरक्षा सामग्री का वितरण

# सामुदायिक पुलिसिंग को मिली मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महिला सशक्तिकरण एवं ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम अरौद में महिला कमांडो का गठन किया गया। इस दौरान पब्लिक और पुलिस के बीच रिश्ता मजबूत करने के लिए एक सौहाद्रपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा जिलेभर में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत निरंतर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना अर्जुनी द्वारा ग्राम अरौद (लीलर) में महिला सुरक्षा एवं सामुदायिक पुलिसिंग को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा ग्राम स्तर पर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। ग्रामीणों को पुलिस–जन सहयोग की महत्ता बताते हुए महिलाओं की सुरक्षा, आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध घटना की त्वरित सूचना पुलिस को देने की समझाइश दी गई।

### साड़ी भेंट की गई

महिला सशक्तिकरण एवं ग्राम स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्धेश्य से ग्राम अरौद में महिला कमांडो का गठन किया गया। महिला कमांडो को पुलिस द्वारा टोपी, सिटी (व्हिसल), पहचान पत्र (आई-कार्ड) एवं साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़े एवं वे गांव की सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस दौरान ग्रामीणों को असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने, अवैध शराब विक्रय करने वालों की सूचना थाना अर्जुनी को देने तथा सुरक्षा की दृष्टि से ग्राम में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के संबंध में भी आवश्यक समझाइश दी गई।

### निसंकोच करें पुलिस से संपर्क

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं ग्रामवासियों को महिला सुरक्षा, नशामुक्त समाज, साइबर फ्रॉड से बचाव, गुड टच–बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं को किसी भी आपात स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अर्जुनी ने बताया कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। ग्राम स्तर पर कानून-व्यवस्था, सामाजिक जागरूकता एवं सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

## किले के श्रीराम मंदिर में हुई भगवान राम की महाआरती



■ धूमधाम से मनाया गया श्री राम हिन्दू संगठन का 12वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री राम हिन्दू संगठन के 12वें स्थापना दिवस पर 10 जनवरी शनिवार को किले के श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम की भव्य महाआरती कर भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया। शासकीय अस्पताल में मरीज़ों के शीघ्र स्वास्थ्य की कामना की। मरीज़ों को फल वितरण किया। सभी युवाओं को हिन्दू संस्कृति की रक्षा, देश धर्म की रक्षा के लिए शपथ दिलाई गई। श्री राम हिन्दू संगठन का गठन आज से 12 वर्ष पूर्व रामायणी दाऊद ख़ान के नेतृत्व में हिन्दू संस्कृति की रक्षा और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए किया गया था। मौके पर प्रवीण साहू, प्रतीक सोनी, चैज़ा फुटान, राजा देवांगन, अभिषेक साहू, ऋषभ रजक, अर्पित राजपूत, हार्दिक साहू, नोहर मीनपाल, आशुतोष खरे, भाऊ साहू, महेश्वर पटेल, डाकेश्वर साहू, आयुष हिरवानी, राहुल शर्मा, भावेश धीवर, संजू साहू ,रतनम सोनी, राजा समेत हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टोकन जारी करने से पहले होगा भौतिक सत्यापन

**धमतरी।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक संचालित की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार 8 जनवरी 2026 से टोकन जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। टोकन जारी करने से पूर्व समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची के अनुसार संबंधित कृषकों के पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इस कार्य हेतु विभागीय स्तर पर दल का गठन किया गया है, जिसमें नोडल अधिकारी के साथ राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सहयोग के लिए तैनात किया गया है। पंजीकृत किसान जब टोकन जारी कराने के लिए समिति में उपस्थित होगा, तब समिति के ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल में आवेदन की प्रविष्टि की जाएगी। आवेदन की एन्ट्री होते ही संबंधित उपार्जन केंद्र के लिए प्राप्त टोकन आवेदन पीवी एप के माध्यम से नोडल अधिकारी के मोबाइल में स्वतः प्रदर्शित हो जाएगा। पीवी एप में जानकारी प्रदर्शित होने के पश्चात नोडल अधिकारी एवं दल द्वारा किसान के पास उपलब्ध धान का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के दौरान धान की मात्रा क्विंटल में दर्ज की जाएगी तथा किसान के पास उपलब्ध धान के तीन फोटो पीवी एप के माध्यम से अनिवार्य रूप से लिए जाएंगे। भौतिक सत्यापन में पाई गई मात्रा के अनुरूप ही समिति द्वारा टोकन जारी किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एक उपार्जन केंद्र के लिए पूर्व से आबंटित नोडल अधिकारी की आईडी का उपयोग दल के अन्य सदस्य भी सत्यापन कार्य हेतु कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा अवैध धान की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाना है।

## शराब बेचा तो पंद्रह हजार, खरीदा तो दस हजार अर्थदंड

■ ग्राम दरबा में ग्रामीणों का अनोखा निर्णय, भर रहा गांव फंड का खजाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम दरबा में शराब बेचने पर 15000 और खरीदने पर 10000 रुपए का अर्थदंड वसूला जाएगा। यही नहीं कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, चौक चौराहे में शराब पीते मिलेगा तो उससे भी 5000 रुपए का अर्थदंडउ वसूला जाएगा।

कुरूद ब्लाक के ग्राम दरबा में ग्रामीणों ने नशाखोरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गांव में शांति एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए ग्राम पंचायत और ग्रामीण विकास समिति की संयुक्त बैठक रखी गई थी, जिसमें गांव में अवैध रूप से शराब बेचने पर 15000 रुपए दंड, शराब खरीदने पर 10000 और सार्वजनिक चौक चौराहों में शराब पीते पाए जाने पर 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने का निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार सूचना देने वाले को ईनाम भी दिया जाएगा। बैठक के दौरान शराब बेचने, खरीदन और पीने वालों को इस नियम के तहत अर्थदंड से दंडित भी किया गया, जिसमें गांव एवं गांव के बाहर की लोग भी शामिल थे। सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत दरबा में अवैध कारोबार लगभग पूर्णता बंद हो गया है। बस्ती फंड में जमा अर्थदंड की राशि का सार्वजनिक कार्य में उपयोग भी किया जा रहा है। गांव प्रमुखों ने बताया कि यह कार्य हमारे गांव के लिए और गांव के विकास के लिए बहुत ही सही निर्णय साबित हुआ।

बैठक में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रमुख लखन निर्मलकर, रोहित साहू ,दिनेश, योगेश, कमलेश, कन्हैयालाल, विक्रम, खेमचंद सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरूष उपस्थित थे। उपसरपंच गुलशन साहू ने बताया कि ग्राम विकास समिति की प्रत्येक बैठक में महिलाओं की सहभागिता रहती है।

## खो-खो प्रतियोगिता में सोरम स्कूल के दो खिलाड़ी का चयन



**अंवरी।** राष्ट्रीय स्तर खो-खो प्रतियोगिता 14 वर्ष बालक, बालिका हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम से 2 खिलाड़ी का चयन हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान (केकरी) में 16 से 21 जनवरी तक होगा। राज्य स्तर प्रतियोगिता 8 से 11 नवंबर तक बालोद में की गई। रायपुर जोन अंतर्गत सोरम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया था। शाउमा विद्यालय सोरम से तोषण ध्रुव पिता अजय ध्रुव, इशिका नेताम पिता पूनाराम नेताम का चयन हुआ है। छात्र-छात्राओं के चयन पर शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेश यादव, प्राचार्य शंकर लाल देवांगन वरिष्ठ व्याख्याता जेआर साहू, पूर्णिमा वारदे, अंजू लिखी, वीपी साहू, गुलेश्वरी देवांगन, सरिता शर्मा, दानेश्वरी सिन्हा, मनोरमा खरया, छाया श्रीवास्तव, नलिनी मिश्रा, सरस्वती ध्रुव, सारिका वर्मा, प्रभा साहू, सुभद्रा यादव, संकुल समन्वयक भावना साहू, प्रधानपाठक ममता कुटारे, लता नेताम, सुचित्रा पांडे, श्वेता योगी, भारतीय साहू, व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा, पूर्णिमा गोटा, वंदना, योगेश कुमार साहू सुप्रिया गजेंद्र, कांति कन्नौजे, रितेश चंदे, पवन रेखा साहू, महेश्वरी साहू, प्रहलाद साहू ने हर्ष जताया है।

## भखारा बाइपास को हरी झंडी, स्वीकृति की खुशी में भाजपाईयों ने की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



भखारा नगरवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। भखारा बायपास सड़क निर्माण के लिए शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही वर्षों से लंबित इस परियोजना पर अड़ंगा अब पूरी तरह खत्म हो गया है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

भखारा में लगभग 4 किलोमीटर लंबे बायपास के निर्माण हेतु शासन द्वारा 14 करोड़ 94 लाख 9 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिनकी पहल पर भखारा बायपास परियोजना को पुनः गति मिली है। उल्लेखनीय है कि यह बायपास सड़क निर्माण कार्य सन 2012–13 से अधूरा पड़ा हुआ था, जिससे नगर के भीतर यातायात दबाव, जाम और दुर्घटनाओं की समस्या बनी हुई थी। बायपास के निर्माण से नगर के अंदर भारी वाहनों का आवागमन कम होगा तथा यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु व सुरक्षित बनेगी।

बायपास स्वीकृति की खबर मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पूर्व उपाध्यक्ष दुलेश्वर साहू, पार्षद परदेसीराम कंवर, झम्मन साहू, छबीलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, राजू सेन, भूपेंद्र यादव, चक्र सुदर्शन चंदेल, भूपेश्वरी चंदेल, चांदनी साहू, चंद्रप्रकाश साहू, टकेश्वरपुरी गोस्वामी, प्रीतम साहू, शंकर देवले, अभिषेक शिंदे, सोमनाथ साहू, रूपेश कंवर, रामसेवक कंवर, गौतमी पटेल, छत्रपाल बैस, सरपंच प्रतिनिधि आदि ने नारेबाजी, आतिशबाजी कर अजय चंद्राकर जिंदाबाद के नारे लगाए। लोगों ने मिठाइयां बांटकर इस निर्णय का स्वागत किया। नगरवासियों ने कहा कि बायपास सड़क का निर्माण भखारा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा, जिससे व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

### भाजपाइयों ने की त्रिमूर्ति मंदिर में महाआरती

**पुरूर(धमतरी)।** भगवान सोमनाथ मंदिर की 1000वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर भाजपा मंडल पुरूर ने 10 जनवरी शनिवार को ग्राम चिटौद में त्रिमूर्ति मंदिर पर स्थापित भगवान भोलनाथ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे ने कहा कि गुजरात का सोमनाथ मंदिर हमारी ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। भगवान सोमनाथ मंदिर की 1000 वीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में भगवान सोमनाथ की पूजा -अर्चना की गई। इस मंदिर पर हुए बार-बार हमले के बावजूद भगवान सोमनाथ की अटूट आस्था, सनातन धर्म की शक्ति और भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक है। मौके पर महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, संजय साहू, हेमंत साहू, सरपंच तीरथ यादव, सुरेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र शोरी, लोकेश साहू, विदेशीराम साहू, गोकुलराम साहू, लोकनाथ पटेल, देवलाल साहू, दीनदयाल सेन, राजेन्द्र सिन्हा, गोपी सेन, रूपराम साहू, समारूराम साहू, कुमारी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महापंचायत में निपटे कई प्रकरण धान उपार्जन केंद्र से हटेगा अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम मड़ेली के महापंचायत में जन अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कई आवेदनों का निराकरण किया। कुछ उलझे कुछ अनसुलझे फैसलों पर भी विचार किया गया। सुशीलाबाई साहू व पुत्र गजेन्द्र साहू समस्या निवारण हुआ। खेलप्रेमियों की मांग पर मैदान समतलीकरण एवं अवैध घुरवा और गंदगी हटाने पर सहमति बनी और तत्काल प्रभाव से आगे की कार्यवाही शुरू करने का आश्वासन दिया गया। धान उपार्जन केन्द्र मड़ेली के फड़ से अतिक्रमण हटाने के लिए अतिक्रमणकारियो को 15 दिवस का समय दिया गया है। पैरा कुट्टी बाबत संबंधित ठेकेदारों को सालभर पंचायती लीज संतुलित मूल्य पर देने पर विचार किया गया है। आत्माराम साहू द्वारा सर्वदलीय मंच को गाली देने के मामले में कार्रवाई की गई। कई बंटवारा, जमीन खरीद, बिक्री के आवेदन तथा संबंधित गवाहों की विवेचना कर मामला पेंडिंग रखा गया। महापंचायत में सर्वसम्मति से हरीश गांधी को सभापति सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण साहू, जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, अध्यक्ष संतराम साहू, पंच पुन्नीबाई साहू, ममता चौहान, हेमलता साहू, टिकेश्वरी साहू, फुलेश्वरी यादव, कुलेश्वरी साहू, पूनम साहू, कमलेश साहू, मीडिया प्रभारी शेखर साहू, ताराचंद साहू, लालसिंग चंदेल, चेतन साखरे, महेंद्र निर्मलकर, गणेशराम बैस, घनाराम ध्रुव, टकेश कौशिक, तुलस निषाद, हुम्मन सोन, प्रेमनारायण साहू, जयनारायण साहू, चेतन साहू, यशवंत साहू, टेमन साहू, ईश्वर सोन, नंदकुमार सोन, लोकेश बैस, प्रेम यादव, पुराणिक साहू, लुरसिंग साहू, अर्जुन साहू, गीतेश साहू, गिरवर साहू, सूरज इंद्राणी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सभी ब्लॉक के नेत्रदान अधिकारियों को सर्जिकल किट मिली

**धमतरी।** राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेत्रदान को बढ़ावा देने, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा वितरण एवं नेत्र परीक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलएल कौशिक एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. राजेश सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में यह बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय धमतरी के सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिले के सभी नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में बताया गया कि जिले में नेत्रदान को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक विकासखंड में ब्लॉक नेत्रदान अधिकारियों को आवश्यक नेत्रदान सर्जिकल किट प्रदान की गई है। सभी सहायक नेत्रदान अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया, ताकि नेत्रदान की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके। नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी मिल सकती है। नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी तरह घोषणा मुक्त है तथा नेत्रदाता के परिजन भी मृत्यु उपरांत नेत्रदान करवा सकते हैं।

बैठक में स्कूली बच्चों को चश्मा वितरण की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने, 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को नज़दीकी दृष्टि हेतु चश्मा उपलब्ध कराने एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन लक्ष्य की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए गए। सभी नेत्र सहायकों को अपने-अपने क्षेत्र में अंधत्व पंजी को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर, जिला नोडल अधिकारी गुरुशरण साहू, नेत्र विभाग का स्टाफ एवं जिले के नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी उपस्थित थे।









### सहमे शहरवासियों ने जिम्मेदारों पर लापरवाही का लगाया आरोप

# सेंचुरी गार्डन में खुली वायरिंग से टहलने वालों की जान खतरे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सार्वजनिक उद्यानों में नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। प्रमुख और भीड़भाड़ वाले सेंचुरी गार्डन में बुनियादी सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है, जिससे आम लोगों में नाराजगी और डर का माहौल है। गार्डन परिसर में हाई मास्ट लाइट पोल से जुड़े बिजली की वायरिंग अधूरी और असुरक्षित हालत में है, जिसे सिर्फ टेप के सहारे छोड़ा गया है।

सेंचुरी गार्डन रोजाना सुबह और शाम मॉर्निंग वॉक, योग और बच्चों के खेलने का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में खुला बिजली तार किसी भी समय गंभीर दुर्घटना को न्योता दे सकता हैं। बारिश या नमी की स्थिति में करंट

## खुले वायर को सुरक्षित करने की मांग

फैलने का खतरा और बढ़ जाता है, इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस मुद्दे पर नागरिक जितेंद्र भगत, राघवेंद्र कंवर, भूमिका पाटिल, यशोदा ध्रुव, सुनीता चौधरी और केवल बघेल सहित अन्य लोगों का कहना है कि नगर निगम को ऐसे स्थानों की नियमित जांच करनी चाहिए।

गार्डन में बच्चे बिना किसी डर के खेलते हैं और बुजुर्ग टहलते हैं, ऐसे में थोड़ी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन किसी अप्रिय घटना के बाद ही हरकत में आएगा। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि केवल सेंचुरी गार्डन में ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य उद्यानों और सार्वजनिक स्थलों पर भी बिजली व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि रखरखाव और निगरानी व्यवस्था में भारी लापरवाही बरती जा रही है। नागरिकों ने नगर निगम से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सभी खुले तारों को सुरक्षित किया जाए, तकनीकी जांच कराई जाए और भविष्य में ऐसी चूक न हो, इसके लिए स्थायी व्यवस्था बनाई जाए। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ और कोई हादसा होता है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।

# 800 साल पुराने मकेश्वर महादेव में विशेष पूजा

- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर गूंजा सनातन गौरव गाथा
- मंदिर, मातृभूमि और मां हमारी सांस्कृतिक पहचान, इन्हें सहेजना हमारा पवित्र धर्म : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाते हुए शहर के हृदय स्थल में स्थित 800 वर्ष प्राचीन मकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने विधिवत जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग रही और आज एक हजार वर्ष बाद भी यह ज्योतिर्लिंग विश्व बंधुत्व और वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दे रहा है। इसी गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंडल स्तर पर धार्मिक आयोजनों का पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मकेश्वर महादेव मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुआ। इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा कि भारत की विशिष्ट पहचान मंदिर, माता और मातृभूमि के प्रति समर्पण से बनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ-साथ देशभर के तीर्थस्थलों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य ऐतिहासिक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर में स्थापित 200 वर्ष पुराने विशालकाय घंटे से निकली "ॐ" की प्रतिध्वनि ने संपूर्ण परिसर को भक्तिमय और अलौकिक वातावरण से भर दिया। ऐतिहासिक मान्यता के अनुसार यह घंटा काशी विश्वनाथ से बैलगाड़ी से लाया गया था।

इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र जायसवाल, पिंटू यादव, नंदू लोधी, आशा लोधी, कुलेश सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं धर्मप्रेमी, समाजसेवी उपस्थित रहे। अनुष्ठान में गोमती चौबे की विशेष भूमिका रही।

# किसान मोर्चा को मिली नई ऊर्जा

- महेश गागड़ा से मिले राजेश साहू, संगठन और किसान हितों पर हुई अहम चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त होने के बाद राजेश साहू ने बीजापुर से रायपुर प्रवास के दौरान पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा से भेंट की। यह सौजन्य मुलाकात पुरुर में हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच संगठन और किसान हितों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। महेश गागड़ा ने राजेश साहू को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि किसान मोर्चा की भूमिका जमीनी स्तर पर बेहद अहम है। उन्होंने किसानों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने, उनकी समस्याओं को सरकार और संगठन के मंच तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया साथ ही संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने की आवश्यकता बताई। राजेश साहू ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ निभाएंगे तथा किसानों के हक और हित के लिए लगातार काम करेंगे। मुलाकात के दौरान भाजपा पिछड़ा मोर्चा बस्तर संभाग प्रभारी हेमराज सोनी, दीपक ठाकुर, संजय मुंजवानी एवं सागर मुंजवानी भी उपस्थित रहे। नेताओं ने आपसी समन्वय के साथ पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 फरवरी, 19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
2 मई 2026
18 मई 2026
20 मई 2026
14 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-22501/- ऑफर 21,501/-, 3AC-30,501/-ऑफर 29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

